## संपादकीय

# राजनीति से प्रेरित कार्यवाई

कांग्रेस के बैंक खाते पर हुई कार्रवाई का उसकी गतिविधियों पर गहरा असर पड़ेगा। क्या आय कर विभाग यही चाहता है? जिस समय विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की भूमिका पहले से संदिग्ध है, ऐसे सवाल उठना अस्वाभाविक नहीं हैं।

कांग्रेस के खाते का संचालन जिस समय और जिस तरह से रोका गया, उसे पहली नजर में राजनीति से प्रेरित कार्रवाई ही माना जाएगा। यह कार्रवाई इलेक्ट्रॉल बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के ठीक अगले दिन की गई। इस निर्णय से सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के लिए असहज स्थितियां पैदा हुईं। इससे इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स के जरिए भाजपा को असामान्य रूप से मिले अधिक चंदे और उसके स्रोत का मुद्दा चर्चा में आया। उसके ठीक अगले दिन देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी पर ऐसी कार्रवाई के मकसद पर सहज ही संदेह खड़ा हुआ। सवाल उठा कि क्या इसके जरिए यह बताने की कोशिश की गई है कि विपक्ष के चंदे में भी घपला है? आय कर विभाग की इस कार्रवाई के तथ्यों पर ध्यान देना जरूरी है। यह कदम 2018-19 में कांग्रेस को मिले चंदे के सिलसिले में यानी अब पांच साल बाद उठाया गया है। तब पार्टी तय तारीख (31 दिसंबर 2019) तक इनकम टैक्स रिटर्न जमा नहीं करा पाई। उसने 45 दिन देर से इसे जमा कराया।

रिटर्न में पार्टी ने बताया कि गुजरे साल में 199 करोड़ रुपये का चंदा उसके बैंक खाते में आया, जबकि 14 लाख 40 हजार रुपये उसके पास नकदी में हैं, जो उसे पार्टी सांसदों और विधायकों से मिले हैं। आय कर विभाग ने नकदी रकम को विसंगति (डिस्क्रेपैंसी) बताया है, जबकि 45 दिन की हुई देर को लेकर 210 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा दिया है। यह कार्रवाई लोकसभा चुनाव से कुछ ही महीने पहले हुई है। खाते के संचालन पर रोक को जब कांग्रेस ने अपीलीय पंचाट में चुनौती दी, तो पंचाट ने खाते के संचालन से रोक तो हटा दी, लेकिन शर्त लगा दी कि कांग्रेस को 155 करोड़ रुपये खाते में रखने होंगे। पार्टी के मुताबिक उसके पास इसके अतिरिक्त रकम नहीं है। यानी व्यावहारिक रूप में वह खाते का इस्तेमाल नहीं कर पाएगी। जाहिर है, पार्टी की गतिविधियों पर इसका व्यापक असर पड़ेगा। क्या आय कर विभाग का यही मकसद है? जिस समय विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की भूमिका पहले से संदिग्ध है, ऐसे सवाल उठना अस्वाभाविक नहीं हैं।

# रणजी ट्रॉफी 2023-24 : क्वार्टर फाइनल मुकाबले 23 फरवरी से होंगे शुरू



**नईदिल्ली।** इस समय खेली जा रही रणजी ट्रॉफी के ग्रुप स्टेज के मुकाबले बीते 19 फरवरी को समाप्त हो चुके हैं।सातवें दौर के परिणाम के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली टीमों की तस्वीरें साफ हुई हैं।दिलचस्प रूप से तमिलनाडु क्रिकेट टीम ने अपने आखिरी ग्रुप के मुकाबले में पंजाब क्रिकेट टीम को हराते हुए 2016-17 सीजन के बाद क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।आइए अगले दौर में पहुंची टीमों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

चारों क्वार्टर फाइनल मुकाबले 23 फरवरी से शुरू होंगे।पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला विदर्भ क्रिकेट टीम और कर्नाटक क्रिकेट टीम के बीच नागपुर में खेला जाएगा, जबकि दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला मुंबई क्रिकेट टीम और बड़ौदा क्रिकेट के बीच मुंबई में खेला जाएगा।तीसरे क्वार्टर फाइनल की मेजबानी कोयंबटूर करेगा, जो तमिलनाडु और सौराष्ट्र क्रिकेट टीम के बीच होना है।चौथा क्वार्टर फाइनल मध्य प्रदेश क्रिकेट टीम और आंध्र प्रदेश के बीच इंदौर में आयोजित होगा।

एलीट ग्रुप-ए से विदर्भ और सौराष्ट्र ने क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई है।विदर्भ ने अपने 7 में से 5 मैच जीते और 1 मैच उनका ड्रॉ रहा। इस बीच विदर्भ को सिर्फ सौराष्ट्र के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। सातवें दौर के बाद विदर्भ के 33 अंक रहे।इसी ग्रुप से 4 मैचों में जीत दर्ज करने वाले सौराष्ट्र के 28 अंक रहे। सौराष्ट्र को हरियाणा के विरुद्ध अपनी इकलौती हार मिली, जबकि 2 मैच उनके ड्रॉ रहे।

ग्रुप- बी से मुंबई ने 37 अंको के साथ शीर्ष स्थान हासिल करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया।मुंबई ने अपने 5 मैच जीते और सिर्फ उत्तर प्रदेश के खिलाफ अपनी इकलौती हार झेली, जबकि छत्तीसगढ़ के विरुद्ध ड्रॉ खेला।इस ग्रुप से आंध्र प्रदेश ने 3 मैच जीतते हुए 26 अंक प्राप्त किए। आंध्र प्रदेश को मुंबई के विरुद्ध इकलौती हार मिली, जबकि 3 मैच उनके ड्रॉ पर समाप्त हुए।

तमिलनाडु ने ग्रुप स्टेज की समाप्ति के बाद 28 अंक हासिल किए। उन्होंने अपने 4 मैचों में जीत दर्ज की और सिर्फ गुजरात के विरुद्ध हार झेली। इनके अलावा 2 मैच उनके ड्रॉ भी रहे।कर्नाटक ने अपने 3 मैच जीते और इतने ही ड्रॉ खेले। कर्नाटक ने अपनी इकलौती हार गुजरात के विरुद्ध झेली।ग्रुप स्टेज के बाद कर्नाटक के 27 अंक रहे। इस ग्रुप से गुजरात 25 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

ग्रुप- डी से मध्य प्रदेश ने अपने 7 में से 4 मैच जीते और 32 अंको के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। ग्रुप स्टेज में 3 ड्रॉ खेलने वाली मध्य प्रदेश को कोई भी टीम नहीं हरा सकी।बड़ौदा ने 3 मैच जीते और इतने ही ड्रॉ खेले। इसके अलावा उन्हें सिर्फ मध्य प्रदेश के विरुद्ध अपनी इकलौती हार मिली।बड़ौदा ने 26 अंको के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए अगले दौर में जगह बनाई।

# एक बार फिर होंडा एक्टिवा ने मारी बाजी, ओला स्कूटर का भी दबदबा कायम



**नईदिल्ली।** देश के टू-व्हीलर सेगमेंट में एक बार फिर टॉप पर होंडा एक्टिवा का नाम आया है। हमेशा डिमांड में रहने वाले टू-व्हीलर सेगमेंट की सेल में होंडा की एक्टिवा एक बार फिर से पहले नंबर पर है। कंपनी के इस स्कूटर ने एक महीने में ही जबरदस्त सेल की है। जनवरी के टू-व्हीलर सेल्स के आंकड़ों में होंडा एक्टिवा पहले स्थान पर है। इसके अलावा इस लिस्ट में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर में ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर नंबर वन पर है।

सेल्स की बात करें तो होंडा की टू-व्हीलर एक्टिवा स्कूटर की जनवरी में 1.73 लाख यूनिट्स बिके। सालाना आधार पर देखें तो होंडा एक्टिवा की सेल्स में 33.66 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है। 1.73 लाख यूनिट्स की सेल्स के साथ कंपनी का ये स्कूटर सेल्स के मामले में टॉप पर आ गया।

इसके अलावा सेल्स के मामले में दूसरे पायदान पर रहा है टीवीएस जूपिटर। टीवीएस ने जनवरी में 74,225 यूनिट्स को बेचा। कंपनी के स्कूटर में सालाना आधार पर 36.23 फीसदी की बढ़त दिखी।

कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, कंपनी ने जनवरी में कुल 4,19,395 यूनिट्स की बिक्री की। इसमें घरेलू बिक्री 3,82,512 यूनिट्स की रही और वहीं एक्सपोर्ट का आंकड़ा 36,883 रहा। सालाना आधार पर कंपनी की घरेलू बिक्री में 38 फीसदी की तेजी दर्ज हुई और एक्सपोर्ट में 102 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई।

इसके अलावा इलेक्ट्रिक स्कूटर में ओला अपने वर्चस्व पर कायम है। ओला की ई-स्कूटर बिक्री ने जनवरी में अपनी ही सेल्स का रिकॉर्ड तोड़ा है। कंपनी ने जनवरी में 31000 इलेक्ट्रिक स्कूटर्स का रजिस्ट्रेशन किया है। धयान देने की बात है कि कंपनी का मार्केट शेयर लगातार 40 फीसदी के करीब बना हुआ है।

## भारत बनाम इंग्लैंड: रांची टेस्ट में जसप्रीत बुमराह की जगह किसे मिलेगा मौका?

**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं होंगे।यह मुकाबला 23 फरवरी से शुरू होने वाला है और सीरीज में रोहित शर्मा की टीम 2-1 से बढ़त ले चुकी है। बुमराह इस सीरीज में कमाल के फॉर्म में चल रहे हैं। ऐसे में उनकी जगह को भरना किसी भी गेंदबाज के लिए बहुत बड़ी चुनौती होगी। बुमराह के लिए यह सीरीज कमाल की रही है। वह 13.64 की औसत के साथ 17 विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। वह मौजूदा सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।अब तक उन्होंने सीरीज में 80.5 ओवर गेंदबाजी की है। इसी कारण टीम प्रबंधन उन्हें आराम देना चाहता है।अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मोहम्मद सिराज के साथ दूसरे तेज गेंदबाज के रूप में अंतिम एकादश में किसे जगह मिलती है। तेज गेंदबाज मुकेश कुमार इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच का हिस्सा थे। हालांकि, उन्होंने केवल 1 विकेट स्पिन गेंदबाज शोएब बशीर का लिया था।

# सर्राफा बाजार में आई गिरावट, सस्ता हुआ सोना और चांदी



**नईदिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजार में इनदिनों उतार-चढ़ाव बना हुआ है. मंगलवार को एक बार फिर से सोने-चांदी की कीमतों में मामूली गिरावट दर्ज की गई. कमजोर मांग के चलते सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमतों में 10 रुपये जबकि चांदी के दाम में 80 रुपये की गिरावट आई. इसके बाद 22 कैरेट शुद्धता वाला सोना गिरकर 56,953 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया. जबकि 22 कैरेट वाले सोना फिलहाल 62,130 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है. वहीं चांदी के दाम गिरकर 71,530 रुपये प्रति किग्रा पर आ गए हैं.

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर फिलहाल सोने की कीमत 0.01 प्रतिशत यानी 5 रुपए की गिरावट के साथ 61,999 रुपये पर ट्रेंड कर रही है. जबकि चांदी का भाव यहां 0.14 फीसदी यानी 99 रुपये गिरकर 71,207 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है. वहीं विदेशी बाजार यूएस कॉमेक्स पर सोने की कीमत 0.28 प्रतिशत यानी 5.60 डॉलर चढक़र 2,029.70 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है. जबकि चांदी की कीमत यहां 1.96 प्रतिशत यानी 0.46 डॉलर गिरकर 23.02 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेंड कर रहा है.

राजधानी दिल्ली में आज 22 कैरेट वाला सोना 56,760 तो 24 कैरेट वाला गोल्ड 61,920 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है. जबकि चांदी की कीमत 71,260 रुपये प्रति किग्रा हो गई है. मुंबई में सोने (22 कैरेट) की कीमत 56,852 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया है. जबकि 24 कैरेट शुद्धता वाला सोना 62,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है. वहीं चांदी की कीमत 71,420 रुपये प्रति किग्रा चल रही है. कोलकाता में 22 कैरेट वाला सोना 56,778 तो 24 कैरेट वाले गोल्ड की कीमत 61,940 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गई हैं. जबकि चांदी का भाव कोलकाता में 71,320 रुपये प्रति किलोग्राम पर पर आ गया है. चेन्नई में सोना (22 कैरेट) तो 24 कैरेट वाले गोल्ड का भाव 62,200 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया है. जबकि चांदी की कीमत चेन्नई में 71,620 रुपये प्रति किग्रा हो गई हैं.

# शेयर बाजार की कमजोर शुरूआत, सेंसेक्स में 116 अंक की गिरावट, 22100 से नीचे निफ्टी



**मुंबई।** कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन यान मंगलवार को शेयर बाजार लाल निशान के साथ खुला. शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स में 150 अंकों दर्ज की गई. लेकिन बाजार में निचले स्तरों के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली. बाजार ओपन होने के बाद सुबह 9.42 बजे सेंसेक्स 24.80 अंक यानी 0.03 प्रतिशत गिरावट के साथ 72,683.36 के स्तर पर आ गया. वहीं निफ्टी 10.41 अंक यानी 0.05 प्रतिशत फिसलकर 22,111.85 के स्तर पर कारोबार करता नजर आया.

मंगलवार को सेंसेक्स के शेयरों में एमएंडएम, बजाज फिनसर्व, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई के शेयरों में गिरावट का दौर देखने को मिला. जबकि पावर ग्रिड, कोटक बैंक, एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील और एचडीएफसी बैंक के शेयर हरे निशान पर कारोबार करते दिखाई दिए.

वहीं एनबीसीसी इंडिया के शेयरों में आज चार फीसदी की बढ़त दर्ज की गई. इस बढ़त के पीछे अलग-अलग ग्राहकों से 369 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर मिलने का असर देखने को मिला. वहीं एलएनजी सप्लाई के लिए नॉर्वे की कंपनी से करार होने के बाद दीपक फर्टिलाइजर और पेट्रोकेमिकल के शेयरों में 10 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला.

मंगलवार के शेयर बाजार में डिश टीवी और जी एंटरप्राइज के शेयरों में खरीदारी होने से निफ्टी मीडिया में 2.2 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली. इनके अलावा निफ्टी रियल्टी, मेटल, फार्मा, हेल्थकेयर और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयर भी हरे निशान के साथ ओपन हुए. जबकि निफ्टी बैंक, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में गिरावट देखी गई. फिलहाल सेंसेक्स 106.52 अंक की बढ़त के साथ 72,814.67 अंक पर कारोबार कर रहा है. जबकि निफ्टी 50 6.95 अंक की गिरावट के साथ 22,115.30 पर कारोबार कर रहा है.

## वानिंदु हसरंगा ने टी20 में पूरे किए 100 विकेट



**कोलंबो ।** श्रीलंकाई टीम के स्पिन स्टार वानिंदु हसरंगा सोमवार को लसिथ मलिंगा के बाद 100 टी20 विकेट लेने वाले दूसरे श्रीलंकाई बन गए। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के दूसरे मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

वानिंदु हसरंगा टी20 में 100 विकेट की बाधा को तोडऩे वाले कुल मिलाकर 11वें खिलाड़ी बन गए। वहीं, हसरंगा यह रिकॉर्ड हासिल करने वाले दूसरे सबसे तेज़ खिलाड़ी हैं।

वानिंदु हसरंगा ने दांबुला में अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 के दौरान 100 विकेट का आंकड़ा पूरा किया, जिसे श्रीलंका ने 72 रन से जीता।

लेग स्पिनर, जो वर्तमान में टी20 टीम का कप्तान है। अब 2019 में अपने पदार्पण के बाद से पुरुषों के टी20 में किसी भी अन्य गेंदबाज की तुलना में अधिक विकेट ले चुका है।

मलिंगा 100 से अधिक टी20 विकेट लेने वाले एकमात्र अन्य श्रीलंकाई गेंदबाज हैं। जहां मलिंगा ने अपने 76वें टी20 में यह उपलब्धि हासिल की, वहीं हसरंगा ने अपने 63वें टी20 में ऐसा किया है।

इससे वह राशिद खान के बाद दूसरे सबसे तेज 100 टी20 विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने 2021 में 53 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी।

सोमवार को हसरंगा ने दांबुला में अपने चार ओवरों में 2/19 के आंकड़े के साथ समाप्त किया और अब 63 टी20 में 15.36 की औसत और 6.78 की इकॉनमी रेट से 101 विकेट लिए हैं।

हसरंगा ने जहां 2-19 का दावा किया, वहीं एंजेलो मैथ्यूज (2-9), दिनुरा फर्नांडो (2-18) और मथीशा पथिराना (2-22) ने दो-दो विकेट लिए, जिससे श्रीलंका ने दूसरे टी20 मैच में अफगानिस्तान को 17 ओवर में 115 रन पर आउट कर दिया।

20 ओवरों में 167/6 का मामूली स्कोर बनाकर मेहमान टीम ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग का फैसला किया।

श्रीलंका ने दूसरे टी20 मैच में अफगानिस्तान को 72 रनों से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है, आज आप जो भी काम शुरु करेंगे उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी। जो लोग सरकारी नौकरी करते हैं, उनके लिए दिन उत्तम रहने वाला है।

***वृष-*** आज आपका दिन बढिय़ा रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग मिलेगा। खासकर कि आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे आपसे खुश रहेंगे।

***मिथुन-*** आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। एक निर्धारित टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करें, इससे आपकी सफलता के चांस बढ़ेंगे।

***कर्क-*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। जो छात्र कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए तैयारी कर रहे हैं, वो जल्द ही अपनी तैयारीयां पूरी कर लेंगे। आज शिक्षकों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा।

***सिंह-*** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले उस क्षेत्र से जुड़े लोगों की राय जरुर ले लें। जिन लोगों का लोहे का बिजनेस है, उनके काम में सामान्य रूप से गति बनी रहेगी।

***कन्या-*** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। आज आप कोई ऐसी चीज हासिल करेंगे, जिसकी आपको बहुत कम उम्मीद थी। जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपके मन में नए-नए क्रिएटिव आइडिया आएंगे, जिनका आप बखूबी इस्तेमाल भी करेंगे।

***तुला-*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी पर तुरंत भरोसा ना करें, ये आपके लिए थोड़ा परेशानी भरा हो सकता है। बिजनेस में लेन-देन का ख्याल रखें, कोई भी बड़ी डील करने से पहले सब कुछ अच्छे से जांच परख कर लें।

***वृश्चिक-*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। बस आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। आज आपके घर पर कोई रिश्तेदार आ सकता है। आपको उनसे अच्छा व्यवहार बनाकर रखना चाहिए।

***धनु-*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यो में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है।

***मकर-*** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा । आपको कुछ काम करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज आपके दिनचर्या में कुछ बदलाव आ सकते हैं। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन पहले से थोड़ा बेहतर रहेगा।

***कुंभ-*** आज आपका दिन पहले से ज्यादा लाभ दिलाएगा। लंबे समय से चल रही कोई योजना आज पूरी हो जाएगी। कोई नया काम शुरू करने के बारे में भी सोच सकते हैं, दिन आपके लिए लाभकारी होगा।

***मीन-*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आप अपने विवेक का इस्तेमाल करके सब कुछ हासिल कर सकते हैं, आज हर कोई आपकी प्रशंसा करेगा। लेकिन ध्यान रहे किसी पर भी अनावश्यक शक ना करें, इससे आपके रिश्तों पर असर पड़ सकता है।

# एक बार फिर फैमिली को बचाएंगे अजय देवगन

### ❐ रोमांचक फिल्म शैतान का नया पोस्टर रिलीज



सस्पेंस थ्रिलर 'दृश्यम 2' के बाद अजय देवगन एक बार फिर सुपरनैचुरल और सस्पेंस थ्रिलर लेकर आ रहे हैं. इस फिल्म का नाम 'शैतान' है. 'शैतान' में ज्योतिका और आर माधवन भी हैं. फिल्म यह 8 मार्च को रिलीज होगी. अजय ने फिल्म से अपने नए लुक को रिवील किया है. इसमें वह काफी इंटेंस लुक में दिख रहे हैं. डार्क कलर थीम वाले पोस्टर में अजय गंभीर और रहस्यमयी से नजर आ रहे हैं. वह कुछ समझने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट भी बताई है. फैन्स इस पर रिएक्शन भी दे रहे थे.

अजय ने पोस्टर के कैप्शन में जो लिखा है, उससे लगता है कि इसमें वह 'दृश्यम' की तरह अपनी फैमिली को बचाते नजर आएंगे. अजय देवगन ने फिल्म का पोस्टर करते हुए लिखा,जब बात अपने परिवार पर आए, तब वो हर शैतान से लड़ जाएगा. 8 मार्च 2024 को सिनेमाघरों पर कब्ज़ा. जैसे ही उन्होंने पोस्टर शेयर किया फैन्स ने रिएक्शन दिया.

कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में दिल वाले इमोजी कमेंट्स किए. किसी यूजर ने ट्रेलर के बारे में भी पूछा. फिल्म को विकास बहल ने डायरेक्ट किया है. फिल्म के पहले और अब आए पोस्टर्स रोंगटे खड़े कर देने वाला रोमांच देने का वादा करते हैं. इसमें अजय देवगन के साथ ज्योतिका और आर माधवन समेत कई प्रतिभाशाली कलाकार हैं.

## तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने वर्ल्ड वाइड 100 करोड़ क्लब में की धमाकेदार एंट्री



शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने बॉक्स-ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है. वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले ही हफ्ते में धमाकेदार कमाई की और अब दूसरे हफ्ते में भी फिल्म की धुआंधार रफ्तार जारी है. आइए बताते हैं इस फिल्म ने रिलीज के 10 दिन के अंदर बॉक्स-ऑफिस पर कुल कितने करोड़ रुपये कमाए हैं.

फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने बीते शनिवार को बॉक्स-ऑफिस पर 6 करोड़ रुपये का कलेक्शन दर्ज किया जिसके साथ फिल्म की देशभर में कुल कमाई 58.20 करोड़ रुपये तक जा पहुंची है. शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर इस फिल्म ने दुनियाभर की टिकट खिडक़ी पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है.

## महंगे से महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट का काम करेगा टमाटर



टमाटर में चेहरे के लिए फायदेमंद कई पोषक तत्व पाए जाते हैं. इसमें विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है. इसका उपयोग करने से चेहरे की चमक बढ़ती है और दाग-धब्बों से छुटकारा मिलता है.

**टमाटर फेस पैक के फायदे:** हमारी त्वचा के लिए जितने भी पोषक तत्व चाहिए, वो सब टमाटर में पाया जाता है. यही कारण है कि इसके इस्तेमाल से चेहरे की निखार बढ़ जाती है. टमाटर विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट का अच्छा स्रोत होता है. यह न सिर्फ चेहरे की रंगत को सुधारने का काम करता है, बल्कि एक्ने और पिंपल्स से छुटकारा भी दिलाता है.

**टमाटर-शहद:** टमाटर और शहद को मिलाकर चेहरे पर लगाने से कील-मुंहासों से छुटकारा मिल जाता है. इस फेस पैक को बनाने के लिए दोनों चीजों को मिलाकर चेहरे पर अच्छी तरह लगाएं. करीब 20 मिटन बाद ताजा पानी से चेहरे को साफ कर लें. आपका फेस चमक उठेगा.

**टमाटर-नींबू:** स्किन के लिए टमाटर और नींबू दोनों ही फायदेमंद होते हैं. ऑयली स्किन से परेशान रहने वाले इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं. टमाटर को मैश कर उसमें एक चम्मच नींबू का रस मिलाकर थोड़ी देर के लिए रख दें. इसके बाद इसे चहेर पर लगाएं और करीब 30 मिनट बाद चेहरा पानी से धो लें.

**टमाटर-बेसन:** चेहरा चमकदार बनाने के लिए आप टमाटर और बेसन के फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं. ये त्वचा से जुड़ी समस्याओं को दूर करने का काम करती है. चेहरे पर कील-मुंहासों से छुटकारा पानाहै तो दोनों को मिलाकर एक पेस्ट बना लें और इसे चेहरे पर लगाएं. कुछ देर बाद चेहरा अच्छी तरह साफ कर लें.

**टमाटर-चीनी:** एक टमाटर लेकर उसे मैश कर लें और उसमें एक चम्मच चीनी मिलाकर अच्छी तरह मिक्स कर लें. अब इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर करीब 15 मिनट के लिए छोड़ दें. फिर पानी से अच्छी तरह साफ कर लें. इससे डेड स्किन सेल्स और झुर्रियां खत्म हो सकती हैं।

## शब्द सामर्थ्य- 340

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 339 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |

## सू-दोकू- 340

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 339 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |